**तैयारी** | एक्सप्रेसवे पर होटल, फूड कोर्ट, थीम पार्क, रिजॉर्ट, वेयरहाउस, बैंक्वेट हॉल, ऑटोमोबाइल शोरूम बनेंगे

# आगरा एक्सप्रेसवे 800 करोड़ से चमकेगा

लखनऊ, विशेष संवाददाता। योगी सरकार का फोकस केवल नए एक्सप्रेसवे निर्माण पर नहीं है, बल्कि पहले से चल रहे एक्सप्रेसवे की भी सूरत बदलने की तैयारी भी है। इसीलिए सर्वाधिक ट्रैफिक वाले आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे को नए सिरे से चुस्त दुरुस्त किया जाएगा। इसके अलावा अब पूर्वांचल एक्सप्रेसवे व बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर ई-हब भी बनाने की तैयारी है। प्रत्येक ई-हब में होटल, फूड कोर्ट, थीम पार्क, रिजॉर्ट, वेयरहाउस, बैंक्वेट हॉल, ऑटोमोबाइल शोरूम और ट्रक यूजर जोन जैसी विभिन्न सुविधाओं का विकास किया जाएगा। इस तरह निकट भविष्य में यात्रियों के इन एक्सप्रेसवे पर सफर आसान व सुविधाजनक हो जाएगा।

योगी सरकार ने 800 करोड़ रुपये की रकम से आगरा से लखनऊ तक 301 किमी के पूरे एक्सप्रेस को बेहतर किया जाएगा। यहां नई सड़क बनेगी। पहले चिन्हित छोटी-छोटी खामियां चिन्हित कर दूर की जाएंगी। इसके लिए यूपीडा ने बड़ी योजना बनाई है। इसके अलावा आगरा एक्सप्रेसवे पर नए एडवान्स्ड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम लगाने की तैयारी है।

## पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर ई वे हब

उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) ने इस परियोजना के लिए कुल 12 स्थानों को चिह्नित किया है। इनमें से बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर 4 और पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर 8 स्थान शामिल हैं। पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर ई वे हब निर्माण व अन्य सुविधाओं पर 144 करोड़ रुपये खर्च होंगे। बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर ई-वे हब के लिए 72 करोड़ रुपये खर्च होंगे। यात्रियों की सुविधा के लिए यहां फूड कोर्ट व जनसुविधा परिसर होंगे।

## जेवर एयरपोर्ट जुड़ेगा गंगा एक्सप्रेसवे से

जेवर एयरपोर्ट से गंगा एक्सप्रेसवे वाया बुलंदशहर संपर्क एक्सप्रेसवे प्रवेश नियंत्रित ग्रीन फील्ड एक्सप्रेसवे के लिए भी एक हजार करोड़ रुपये रखे हैं। असल में जेवर एयरपोर्ट का पहला चरण अप्रैल तक पूरा हो जाएगा। अप्रैल में इसका प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से शुभारंभ कराया जाएगा। सरकार की कोशिश है कि इस लिंक एक्सप्रेसवे से जेवर को सीधे प्रयागराज तक या यूं कहें वाराणसी तक जोड़ा जा सकेगा।